सर्वेक्षण | केंद्र सरकार ने महाकुम्भ में विभिन्न प्रदेशों व 45 देशों के 352388 श्रद्धालुओं का कराया था अध्ययन

# अयोध्या, वाराणसी और संगम पर्यटकों की पसंद

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** केंद्र सरकार ने महाकुम्भ में भारत के साथ-साथ 45 देशों के 352388 श्रद्धालुओं का सर्वे कराया। सर्वे में पर्यटकों ने अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में संगम को देश के टाप डेस्टिनेशन के रूप में चुना। यह भी सामने आया कि मेले के दौरान प्रयागराज आने वाले घरेलू और विदेशी श्रद्धालुओं ने औसतन 5877.63 रुपये व्यय किया। इस प्रकार महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह जानकारी मेसर्स डिलायट द्वारा दी गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि डिलायट राज्य की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य में पर्यटन के अधिकतम योगदान पर कार्य कर रहा है। संस्था की ओर से बताया गया कि भारत सरकार द्वारा महाकुम्भ स्पीरिचुअल सर्वे-2025 कराया गया था। इसका उद्देश्य देश के टॉप डेस्टिनेशन का पता करना था ताकि वहां का आवश्यकतानुरूप विकास किया जा सके। इस क्रम में 28 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में तेलियरगंज, झूंसी, अरैल, परेड ग्राउंड सहित अन्य स्थलों पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट (एआइआइएलएसजी) द्वारा सर्वे कराया गया।

सर्वे के मुताबिक घरेलू पर्यटकों ने परिवार के साथ जबकि विदेशी पर्यटकों ने अकेले महाकुंभ भ्रमण को प्राथमिकता दी। 40 प्रतिशत भारतीय परिवार के साथ, 30.88 प्रतिशत अकेले, 29.13 प्रतिशत दोस्तों के साथ जबकि 55.26 प्रतिशत विदेशी पर्यटक अकेले, 24.43 प्रतिशत परिवार के साथ, 20.31 प्रतिशत दोस्तों के साथ भ्रमण के लिए आए थे।







